FRHS INDIA
Children by choice, not chance

मिनी-क्लिनिकल आउटरीच टीम (मिनी-कौट)

समुदायों के लिए सेवाओं को उपलब्ध कराना

मैरी स्टोप्स इंटरनेशनल (एमएसआई) से संबंधित, फाउंडेशन फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ सर्विसेस इंडिया (एफआरएचएस इंडिया), सूदूर इलाकों में आधुनिक परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराता है। अपने मिशन के तहत, एफआरएचएस इंडिया महिलाओं को उनके घर के आस–पास ही परिवार नियोजन संबंधी जानकारी और सेवाएं मुहैया कराने के लिए मिनी–क्लिनिकल आउटरीच टीम (मिनी–कौट) का संचालन करता है। अपनी मिनी–कौट के माध्यम से एफआरएचएस इंडिया प्रशिक्षण, सहायक पर्यवेक्षण और काम के दौरान सलाह देकर (ऑन–द–जॉब मेंटरिंग) सब सेंटर/उप–केंद्र में तैनात नर्स मिडवाइफ (एएनएम) को भी सक्षम बनाता है ताकि एएनएम स्वतंत्र रूप से काम करने योग्य बन सके।

पृष्ठभूमि

ग्रामीण इलाकों में युवा महिलाएं और किशोरियां परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य जानकारी एवं सेवाओं का लाभ नहीं उठा पातीं क्योंकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तक उनकी पहुँच सीमित होती है। उनके घरों के आस–पास स्थित स्वास्थ्य सब सेंटर/उप–केंद्र अक्सर अलग–अलग कारणों जैसे – प्रशिक्षित कर्मियों की कमी और अपर्याप्त उपकरण आदि की वजह से सेवाएं देने की स्थिति में नहीं होते।

मिनी-कौट कैसे काम करते हैं ?

मिनी–कौट तीन सदस्यों वाली चलती–फिरती (मोबाइल) टीम है। टीम के सभी सदस्य परिवार नियोजन के स्पेसिंग मेथड (अंतराल की विधियों) में प्रशिक्षित और प्रवीण होते हैं। टीम स्वास्थ्य सब सेंटर/उप–केंद्र पर सेवाएं प्रदान करती है। स्वास्थ्य सब सेंटर/उप–केंद्र का चुनाव जिला अधिकारियों के परामर्श से किया जाता है। एक निर्धारित दिन, मिनी–कौट की टीम मुख्यालय से चुने गए सब सेंटर/उप–केंद्रों पर जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्थानीय लोगों को इस टीम के आने के बारे में पहले से ही जानकारी दे देते हैं।

टीम की संरचना

तीन सदस्यों वाले मिनी–कौट में होते हैं:

नर्स

काउंसलर

ड्राइवर–सह–सहायक

मिनी-कौट द्वारा दी जाने वाली सेवाएं

मिनी–कौट प्रजनन स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन संबंधी कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करती हैं, जिनमें शामिल हैं:

- कॉपर टी
- गर्भनिरोधक गोलियां
- आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां
- कंडोम
- कॉपर टी सेवा लेने वाली महिलाओं का फॉलो–अप और रेफरल
- परिवार नियोजन परामर्श, जिसमें प्रसव के बाद का परिवार नियोजन काउंसलिंग भी शामिल है
- जिन क्लाइंट को स्थायी विधियों की जरूरत है, उनके लिए रेफरल

हमारी पहुँच

7 टीम सेवा प्रदान कर रही हैं | **11** जिले कवर किए जा रहे हैं | **160+** इलाकें कवर किए जा रहे हैं

क्लाइंट को उपलब्ध कराई गई सेवाएं

जनवरी–दिसंबर 2019 के बीच हमने:

12,530
महिलाओं को कॉपर टी सेवा प्रदान की

41,379
कपल इयर्स ऑफ प्रोटेक्शन

सेवाओं की गुणवत्ता

क्लाइंट की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि

- क्लिनिकल गवर्नेंस
- तकनीकी क्षमता
- व्यावसायिक मानकों का पालन

01 भारत सरकार और मैरी स्टोप्स इंटरनेशनल क्लिनिकल मानकों के अनुसार सक्षम प्रदाताओं द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती हैं

02 मैरी स्टोप्स इंटरनेशनल द्वारा वार्षिक गुणवत्ता तकनीकी मूल्यांकन किया जाता है

03 इन्फेक्शन प्रिवेंशन, इमरजेन्सी मैनेज़मेंट और परामर्श जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नियमित रूप से रिफ्रेशर ट्रेनिंग और सहायक पर्यवेक्षण दिया जाता है

04 टेलीफोन के माध्यम से सेवा प्रदान करने के 24–36 घंटों के भीतर क्लाइंट के हाल की समीक्षा की जाती है और उनकी संतुष्टि का स्तर पता करने के लिए वार्षिक क्लाइंट एग्ज़िट सर्वे कराए जाते हैं

05 टीम के सभी सदस्यों का वार्षिक योग्यता आकलन होता है

06 राष्ट्रीय और राजकीय चिकित्सा सलाहकार टीमें, गुणवत्ता मानकों की समीक्षा करती हैं, ट्रेनिंग आयोजित करती हैं और हादसा प्रबंधन पर नज़र रखती हैं

हमारी टीम द्वारा लास्ट माइल आउटरीच

वर्ष 2016 के मानसून में, बिहार में भयंकर बाढ़ आई थी। इसकी वजह से 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई और करीब पांच लाख लोगों को अपना घर–बार छोड़ कर दूसरी जगह जाना पड़ा। हमारी मिनी–क्लिनिकल आउटरीच टीम (मिनी–कौट), जिसमें नर्स रानी कुमारी, काउंसलर चंदन भारती और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर चंद्र भूषण थे, को बाढ़ग्रस्त अररिया जिले में स्थानीय महिलाओं तक पहुँचने के लिए नावों की व्यवस्था करनी पड़ी। इन इलाकों में महिलाओं को एक महीने से भी अधिक समय से गर्भनिरोधक सेवाएं नहीं मिल पा रही थीं। टीम ने मिर्ज़ापुर के स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए और 25 किमी की दूरी तय करने के लिए तीन घंटों से भी अधिक समय तक यात्रा की। अपने सफर में टीम को प्रक्रिया के लिए आवश्यक उपकरणों को उठाने के साथ–साथ घुटनों तक भरे कीचड़ वाले रास्तों को भी पैदल चलकर पार करना पड़ा। लेकिन इलाके की महिलाओं को आवश्यक सेवाएं देने के प्रति उनका समर्पण अविश्वसनीय था। गंतव्य पर पहुँचने के बाद, टीम ने 14 महिलाओं को कॉपर टी की सेवा प्रदान की ताकि उन्हें अनचाहे गर्भ से लंबे समय तक सुरक्षा मिल सके।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: info@frhsi.org.in
मुख्यालय: बी–37, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली – 110049, फोन: +91 11 49840000, **वेबसाइट:** http://www.frhsi.org.in/
हमें फेसबुक पर फॉलो करें: @FoundationforReproHealthServicesIndia, @PratigyaRights